PUBLICATION : RASHTRIYA SAHARA (RS)

EDITION : NEW DELHI

DATE : 8TH JULY 2017, PAGE NO. : 15

इफको ने बीमा उद्यम में हिस्सेदारी बेची



■ कंपनी ने इस विनिवेश के जरिए 2530 करोड़ रुपए जुटाए : अवस्थी

नई दिल्ली। किसानों और ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को कम से कम प्रीमियम में बीमा उपलब्ध कराने में जुटी विश्व की सबसे बड़ी सहकारी संस्था इफको ने बीमा कारोबार में अपनी हिस्सेदारी बेचकर 2,530 करोड़ रुपए जुटाए हैं।

इफको ने अपने बीमा उद्यम इफको-टोकियो जनरल इश्योरेंस की 21.64 फीसद हिस्सेदारी जापान के संयुक्त उद्यम भागीदार टोकियो मरीन (टीएम) एशिया लिमिटेड को बेचने का फैसला किया है। साथ ही इंडियन पोटाश लिमिटेड भी अपनी 1.36 फीसद हिस्सेदारी जापानी कंपनी को बेचेगा। इस तरह 2530 करोड़ रुपए मूल्य की अतिरिक्त 23 रुपए हिस्सेदारी के बाद इफको-टोकियो में जापान की अग्रणी बीमा कंपनी टीएम की हिस्सेदारी 26 से बढ़कर 49 फीसद हो गई है।

इफको के प्रबंध निदेशक यूएस अवस्थी ने यहां पत्रकार वार्ता में बताया कि इस आंशिक हिस्सेदारी की बिक्री से इफको को इफको टोकियो में अपने निवेश के वैल्यूएशन का अच्छा अवसर मिला है। इस बिक्री से इफको को अपने कृषि कारोबार को फैलाने तथा कृषि क्षेत्र में तेजी से हो रहे बदलावों के बीच किसानो के हितों की रक्षा करने के लिए अपेक्षित पूंजी जुंटाने में मदद मिली है। ■ वार्ता